लोकसभा अध्यक्ष ने रथ यात्रा की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी

नई दिल्ली, 30 जून, 2022: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने रथ यात्रा की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी है।

अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा: "भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और प्रभु सुदर्शन की शुभ रथ यात्रा ब्रह्मांड के सर्वोच्च देवता के प्रति आनंद, भक्ति और श्रद्धा का अवसर है। मैं इस अवसर पर लोगों को हार्दिक बधाई देता हूं और मानवता को आशीर्वाद देने और सभी को शांति, समृद्धि, स्वास्थ्य, प्रसन्नता और ज्ञान प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। मैं प्रार्थना करता हूं कि जगन्नाथ संस्कृति की मूल दर्शन के आधार पर एकता और भाईचारा हमारे जीवन का मार्गदर्शन करे।"

जय जगन्नाथ।